भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 896

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जीका वायरस के मामले

896 **श्री श्यामकुमार दौलत बर्वेः**
श्री अरविंद गणपत सावंतः
श्री श्रीरंग चंदू बारणेः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने का कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि देश कुछ भागों में जीका वायरस तेजी से फैल रहा है;
(ख) यदि हां, तो अब तक जीका वायरस किन राज्यों में फैल चुका है;
(ग) महाराष्ट्र सहित जीका वायरस से निपटने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या कार्य योजना तैयार की गई है; और
(घ) महाराष्ट्र सहित जीका वायरस से निपटने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या प्रभावित राज्यों को क्या सहायता प्रदान की गई है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): सरकार इस बात से अवगत है कि देश के कुछ भागों में जीका वायरस तेज़ी से फैल रहा है। भारत में पहली बार 2017 में जीका वायरस सूचित किया गया था, जब गुजरात से इसके मामले सामने आए थे। तब से, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न भागों में छिट-पुट रुप से यह प्रकोप हुए हैं।

भारत सरकार ने 'जीका वायरस रोग प्रबंधन कार्य-योजना' तैयार की है। इस योजना में विभिन्न जन स्वास्थ्य कार्रवाइयों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया है, जिन्हें रोग के प्रकोप की अनुक्रिया के दौरान अपनाए जाने की आवश्यकता है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है और इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। (लिंक: https://main.mohfw.gov.in/?q=media/disease-alerts/national-guidelines-zika-virus-disease/action-plan-managing-zika-virus-disease पर उपलब्ध है)

सरकार ने जीका वायरस रोग के निवारण और नियंत्रण के लिए महाराष्ट्र सहित सभी राज्यों को निम्नलिखित सहायता प्रदान की है:

- कार्यान्वयन हेतु एकीकृत वेक्टर प्रबंधन तथा प्रभावी सामुदायिक भागीदारी संबंधी तकनीकी दिशा-निर्देश राज्यों को प्रेषित किए गए।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत, निवारक कार्यालयों (घरेलू प्रजनन जांचकर्ताओं का प्रावधान, आशाकर्मी की भागीदारी, कीटनाशक, फॉगिंग मशीन आदि), प्रशिक्षण सहायता, जागरूकता कार्यकलापों आदि के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को बजटीय सहायता प्रदान की जाती है।
- सरकार ने जीका वायरस, डेंगू और चिकनगुनिया के बारे में महाराष्ट्र सहित राज्यों को पहले से चेतावनी देने के लिए परामर्शिका जारी की है ।

*****